भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2906
दिनांक 12 दिसंबर, 2024 को उत्तरार्थ

विद्युत वितरण कंपनियां

2906. श्रीमती अनीता शुभदर्शिनीः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि देश में राज्य विद्युत वितरण कंपनियों पर इस समय विद्युत उत्पादन कंपनियों का लगभग 1.40 लाख करोड़ रुपये बकाया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का राज्य विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा विद्युत उत्पादन कंपनियों के बकाया राशि के भुगतान के लिए कोई परिसमापन योजना शुरू करने का कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) से (घ) : भारत सरकार ने दिनांक 3 जून, 2022 को विद्युत (विलम्बित भुगतान अधिभार और संबंधित मामले) नियम, 2022 (एलपीएस नियम, 2022) अधिसूचित किए हैं। नियमों में प्रावधान है कि 3 जून 2022 तक विलम्बित भुगतान अधिभार सहित सभी बकाया राशि को बकाया माना गया है, जिसे पुनर्निर्धारित किया जाना था और वितरण लाइसेंसधारी अगस्त, 2022 से शुरू होने वाले एलपीएस नियमों के अनुसार समान मासिक किस्तों (ईएमआई) में ऐसे बकाया का भुगतान करेगा। 13 राज्यों ने दिनांक 03.06.2022 तक 1,39,947 करोड़ रुपये के बकाया की सूचना दी और उन्हें ईएमआई में पुनर्निर्धारित किया।

परिणामस्वरूप, वितरण यूटिलिटीज द्वारा 29 ईएमआई के भुगतान के बाद, जिसमें कुछ यूटिलिटीज द्वारा पिछले बकाया का पूर्व भुगतान भी शामिल है, दिनांक 06.12.2024 तक बकाया राशि घटकर 24,684 करोड़ रुपये हो गई है। राज्यवार ब्यौरा **अनुबंध** पर है।

लो.स.अतारां.प्र.सं. 2906

अनुबंध

दिनांक 03.06.2022 तक राज्यवार बकाया राशि का ब्यौरा और दिनांक 06.12.2024 तक शेष बकाया राशि का ब्यौरा

क्र. सं..	राज्य	डिस्कॉम का नाम	डिस्कॉम द्वारा सूचित दिनांक 03.06.2022 तक कुल अतिदेय राशि	दिनांक 06.12.2024 तक भुगतान/निपटान की गई कुल पुरानी बकाया राशि	दिनांक 06.12.2024 तक शेष पुरानी बकाया राशि
1	आंध्र प्रदेश	आंध्र प्रदेश सेंट्रल पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड	2,224	18,310	-
		आंध्र प्रदेश ईस्टर्न पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड	3,252		
		आंध्र प्रदेश सदर्न पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड	12,834		
2	राजस्थान	अजमेर विद्युत वितरण निगम लि.	4,096	4,096	-
		जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि.	8,874	8,733	141
		जयपुर विद्युत वितरण निगम लि.	9,264	9,076	188
3	तेलंगाना	तेलंगाना राज्य उत्तरी विद्युत वितरण कंपनी	2,977	2,787	190
		तेलंगाना राज्य दक्षिणी विद्युत वितरण कंपनी	6,973	6,119	854
4	जम्मू और कश्मीर	जम्मू और कश्मीर विद्युत वितरण विभाग	14,164	12,720	1,444
5	मणिपुर	मणिपुर राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड	161	161	-
6	छतीसगढ	छतीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड	4,162	3,017	1,145
7	झारखंड	झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड	6,000	5,413	587
8	तमिलनाडु	तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड	17,734	11,274	6,460
9	महाराष्ट्र	महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड	17,320	11,350	5,970
10	कर्नाटक	चामुंडेश्वरी इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कॉर्पोरेशन लिमिटेड	1,247	812	435
		बैंगलोर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड	7,529	4,642	2,887
		हुबली इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड	2,528	2,163	365
		गुलबर्गा इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड	2,129	1,565	564
		मैंगलोर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड	125	76	50
11	मध्य प्रदेश	मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड	8,500	6,206	2,294
12	बिहार	उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड	430	430	-
		दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड	662	662	-
13	उत्तर प्रदेश	उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	6,762	5,651	1,111
कुल			**1,39,947**	**1,15,263**	**24,684**

****